# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

कार्यालय : होशंगाबाद रोड, भोपाल

क्रमांक 328/परीक्षा/2017, भोपाल, दिनांक 21/4/17

## संशोधित अधिसूचना

## (स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2016–17 के परीक्षा आवेदन पत्रों की तिथियां)

पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांक 277/परीक्षा/2017 दिनांक 06.04.2017 में आंशिक संशोधन करते हुए सूचित किया जाता है कि परीक्षा सत्र 2016–17 हेतु द्वितीय सेमेस्टर स्नातक स्तर बी.ए/बी.काम/बी.एस.सी./बी.ए.मेनेजमेंट/बी.एस.सी. होमसांइस/बी.सी.ए/बी.बी.ए/एल.एल.बी.एम.पी.ऑन लाईन के माध्यम से नियमित/स्वाध्यायी/एटीकेटी प्राप्त छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की निम्नानुसार संशोधित तिथियां निर्धारित की जाती हैं,यथा :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की तिथि | – | 10/04/2017 से संशोधित तिथि 25/04/2017 तक। |
| 02 | महाविद्यालय द्वारा वि.वि में जमा करने की तिथि | – | 27/04/2017 |
| 03 | विलम्ब शुल्क रू. 300/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | – | 26/04/2017 से 28/04/2017 |
| 04 | महाविद्यालय द्वारा वि.वि में जमा करने की तिथि | – | 01/05/2017 |
| 05 | विशेष विलंब शुल्क रूपये 1000/– | – | 29/04/2017 से 05/05/2017 |

विशेष नोट :–संशोधित तिथियों में बैज पेमेंट सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

नोटः– द्वितीय सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त अनुक्रमांक 12 की सीरिज के छात्रों के परीक्षा आवेदन ऑफलाईन के माध्यम से भरे जाऐगें। ऑफलाईन हेतुः–परीक्षा आवेदन परीक्षार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की बेवसाइट (**WWW.bubhopal.ac.in**) से डाउनलोड कर परीक्षा आवेदन फार्म के साथ उपस्थिति पत्रक एवं डाटाशीट पूर्ण भरकर निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ डिमान्ड ड्राफ्ट बनाकर, जोकि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से देय होगा, महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय में अनिवार्यतः जमा करना होगा।

### परीक्षा आवेदन जमा करने संबंधी निर्देश :–

**ऑनलाईन प्रक्रिया** :–विश्वविद्यालय की बेवसाइट (**WWW.bubhopal.ac.in**) पर **online services** पर क्लिक कर अपने परीक्षा आवेदन पत्र में सहीः– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि एवं विषय को अपनी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की अंकसूची के अनुसार भरे। असुविधा होने की स्थिति में प्राचार्य/छात्र/छात्राएं एम.पी.ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414 (भोपाल से बाहर के लिए 0755) का उपयोग करें।

नोट :–

01. ऐसे परीक्षार्थी जो प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अनुत्तीर्ण होगें उनके परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त किये जायेगें।
02. आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.221/83/आउशि/शाखा–5अ/2014 दिनांक 25/04/2014 के परिपालन में कंडिका 26.1 में अंकित विषय समूह से संबंधित निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर ही परीक्षा फार्म अग्रेषित करें।



निरंतर...(2)

03. आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.221/83/आउशि/शाखा–5अ/2014 दिनांक 25/04/2014 के परिपालन में कंडिका 8.41 में अंकित विशेष परीक्षार्थी : राष्ट्र स्तरीय खेल कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी सत्र में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में **(संबंधित सम/विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ) एटीकेटी** विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

शुल्क विवरणः–

| | |
|---|---|
| 01. स्वाध्यायी परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) स्नातक/ स्नातकोत्तर को देय शुल्क एवं | – 1480+100=1580/– |
| 02. नियमित परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) | – 1100+100=1200/– |
| 03. पूर्व छात्र (समस्त विषय हेतु) नियमित | – 1100+100=1200/– |
| 04. पूर्व छात्र (समस्त विषय हेतु) स्वाध्यायी | – 1480+100=1580/– |
| 05. समस्त विदेशी छात्र को देय शुल्क | – 2620+100=2720/– |
| 06. एक विषय हेतु परीक्षा शुल्क | – 660+100=760/– |
| 07. दो विषय हेतु परीक्षा शुल्क | – 825+100=925/– |
| 08. पोटर्ल शुल्क | – 25/– |

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 324 परीक्षा/2017 भोपाल, दिनांक 21/4/17

प्रतिलिपिः–

1– समस्त प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।
2– उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3– सहायक कुलसचिव, गोपनीय/परीक्षा/भण्डार की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4– अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5– कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ।
6– वित्त नियंत्रक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
7– जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8– संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी. **ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414** पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।
9– प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।
10– संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल